





नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 10 जुलाई, 2026


## एक नजर में



### विशेष प्रतिवेदक ने किया सांदीपनि स्कूल का निरीक्षण

**आष्टा.** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक सुभाष चंद्र ने सांदीपनि स्कूल का निरीक्षण किया. उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियां देखीं और कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, संगीत कक्ष, कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया. विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरुक रहने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए. इस दौरान डीपीसी रमेशराम उईके सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे.



### पुस्तक से नौनिहालों की शुरुआती शिक्षा को मिलेगी उड़ान

**सीहोर.** बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को उड़ान नामक शिक्षण पुस्तक का वितरण किया गया. वार्ड 25 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र 90 में उड़ान पुस्तक और खिलौनों का वितरण किया. यह बुक आयुषी स्वामी ने अपने स्वर्गीय पिता और जिले के खेल अधिकारी रह चुके आनंद स्वामी की स्मृति को समर्पित की. इस बुक में बच्चों की सीखने की क्षमता, रुचि और समझ को विकसित करने आकर्षक गतिविधियां हैं. हर गतिविधि ऐसी है कि बच्चे पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि एक मनोरंजक खेल की तरह महसूस करें. इस पुस्तक की विशेषता यह है कि बच्चे इसे घर ले जाकर अपने माता-पिता के साथ भी अभ्यास कर सकेंगे.



### खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया पौधरोपण

**सीहोर.** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खाद्य विभाग एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पचामा स्थित तिलहन संघ के गोदाम परिसर में पौधरोपण किया गया. इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया. पौधरोपण कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है. उन्होंने नागरिकों से पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की. इस अवसर पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल व अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



### एफटीके किट से पेयजल परीक्षण का दिया प्रशिक्षण

**सीहोर.** जिले में संचालित स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत जहाजपुर के माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को फील्ड टेस्ट किट एफटीके के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता जांच करने का प्रशिक्षण दिया गया. दूषित पेयजल से होने वाली डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए गए. विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, नियमित हाथ धोने, व्यक्तिगत एवं आसपास की स्वच्छता बनाए रखने तथा सुरक्षित पेयजल के महत्व के बारे में जागरूक किया गया. साथ ही एफटीके किट के माध्यम से पेयजल की प्राथमिक जांच करने का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया.



### विहिप बजरंग दल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बुधनी.** विहिप-बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत भारतीय विद्या मंदिर नर्सिंग कॉलेज परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सेठ मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नगरवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया. जिला सुरक्षा प्रमुख राहुल राजपूत ने बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत समाज सेवा की भावना से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. शिविर में डॉ. मेघा प्रजापति, डॉ. विष्णु बकोरिया ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया. यह आयोजन डॉ. अतुल सेठा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवाइयों का लाभ लिया. इस अवसर पर विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. गौरतलब है कि विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजन किए जा रहे हैं. इसी तारतम्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

# झुके खंभे, झूलते तार दे रहे हादसों को न्यौता

## बिलकीसगंज मार्ग पर 11 केवी हाईटेंशन लाइन के सड़क पर झुके खंभों से हो सकता है गंभीर हादसा

- दो साल में दो बड़े हादसों से भी नहीं लिया जिम्मेदारों ने सबक
- विद्युत कंपनी की अव्यवस्था को लेकर हो चुके हैं कई प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जुलाई. जिले के बिलकिसगंज-चंदेरी मुख्य मार्ग सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में 11 केवी हाईटेंशन लाइन के झुके खंभे और जमीन के बेहद करीब झूलते बिजली के तार लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं. ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आवश्यक सुधार कार्य नहीं किए जा रहे हैं, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है.**

ग्रामीणों का कहना है कि जिले के कई हिस्सों में 11 केवी बिजली लाइन के खंभे खतरनाक तरीके से झुक चुके हैं, जबकि कई स्थानों पर बिजली के तार सामान्य ऊंचाई से काफी नीचे लटक रहे हैं। इससे खेतों में काम करने वाले किसानों, राहगीरों और मवेशियों के लिए लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है. किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण पहले भी गंभीर हादसे हो चुके हैं. पिछले वर्ष करंट लगने से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद उसका सामान्य जीवन प्रभावित हुआ. वहीं इसी वर्ष किसान सतीश मेवाड़ा भी करंट की चपेट में आ गए. उनका भोपाल के अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. बिजली व्यवस्था को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ रहा है. क्षेत्र में कई बार धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम भी किए जा चुके हैं. किसानों ने चेतावनी दी है क्षतिग्रस्त बिजली लाइन और खंभों की तत्काल मरम्मत नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.



**सीहोर.** बिलकीसगंज मार्ग पर हाल ही में हुई बारिश के बाद सड़क किनारे के अनेक खंभे खतरनाक ढंग से सड़क पर झुक गए हैं.

### हर दर पर किसानों ने लगाई गुहार

किसान को न्याय दिलाने और झूलते तारों तथा क्षतिग्रस्त खंभों को बदलवाने की मांग को लेकर दर्जनों गांवों के ग्रामीण आंदोलन कर रहे हैं. इस संबंध में किसानों ने कलेक्टर और एसपी को दो बार ज्ञापन सौंपा है. इसके अलावा विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत की गई है. ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री निवास, ऊर्जा मंत्री के निवास तथा जिला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के निवास पर अपनी मांग रखी. ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों के निर्देशों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया है. समय रहते झुके खंभों और झूलते तारों को नहीं बदला गया तो बड़ी जनहानि हो सकती है.

### एक बार फिर मंदिर में चोरों का धावा

**सीहोर.** बीती रात चोरों ने एक बार फिर आस्था के केंद्र मंदिर को निशाना बनाकर पुलिसिया गश्त और सुरक्षा दावों की पोल खोल कर रख दी है. ताजा मामला शहर के आरकश मोहल्ले का है, जहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर में एक अज्ञात चोर ने बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. घटना गुरुवार की देर रात 2.10 बजे की है. एक नकाबपोश चोर शिव मंदिर के गर्भगृह में दाखिल हुआ. चोर ने बेहद शातिर तरीके से मंदिर की दानपेटी को निशाना बनाते हुए तोड़ा और उसमें रखी दानराशि समेट कर रफूचक्कर हो गया. हालांकि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में यह वारदात कैद हो गई है.इस शर्मनाक घटना की खबर जैसे ही सुबह मोहल्ले में फैली. लोगों में रोष पनप गया. आस्था के केंद्र पर हुए इस प्रहार से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं. गौरतलब है कि पूर्व में हुई मठ मंदिर और करोली माता मंदिर में हुई चोरी की वारदात के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. इससे प्रतीत हो रहा था कि मंदिरों में चोरी की वारदातें थम जाएंगी पर बीती रात हुई वारदात ने लोगों की नींद उड़ा दी है.

## अग्निवीर में चयन होने पर किया स्वागत

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जुलाई.** अग्निवीर भर्ती में क्षेत्र के युवा नितेश यादव का चयन हुआ है और छह माह तक सेना की ट्रेनिंग कर लौटे थे, इस उपलब्धि पर कृषि उपज मंडी परिसर में तुलावट संघ के कार्यालय में स्वागत और सम्मान किया. नितेश यादव तुलावट संघ के वरिष्ठ राजेश यादव का पुत्र है.



वक्ताओं ने कहा कि देश सेवा के लिए सेना में चयनित होने वाले युवाओं का सम्मान पूरे समाज का स मान होता है. स्वागत कार्यक्रम में तुलावट संघ अध्यक्ष जगदीश यादव, तारा यादव, राज नारायण, ओमप्रकाश रैकवार, रूप सिंह राठौड़, केसर सिंह, पवन सूर्यवंशी राजेश मेवाड़ा, रितेश बाबूलाल सूर्यवंशी, अजमेरी खान शादाब खां रफीक खां, प्रीतम यादव, जीवन लाल यादव, शफीक भाई, राजेश यादव, जगदीश ठाकुर, चिरौंजी, छोटे लालयादव, पतीराम यादव, प्रकाश यादव, जय नारायण, ओम, पप्पू, कैलाश सूर्यवंशी आदि शामिल थे. इसी तरह बस स्टैंड पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशु राजोरिया मून के नेतृत्व में स्वागत किया गया.

## पोल शिफ्टिंग के बिना बना दी करोड़ों की सड़क

- कांग्रेस अध्यक्ष गुजराती ने लगाए गंभीर आरोप
- घटिया निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच करने की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जुलाई.** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत बन रही ग्राम पचामा के पास एक सडक् के निर्माण कार्य में भारी लापरवाही और सीधे तौर पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है. उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उसकी योजना पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इसमें जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है.

एक बिजली के ट्रांसफार्मर और पोल के सामने खड़े होकर गुजराती ने कहा कि नियमानुसार किसी भी सड़क के चौड़ीकरण या निर्माण से पहले पोल शिफ्टिंग बिजली के खंभे हटाना और रोड लेवल सड़क का समतलीकरण किया जाता है. लेकिन यहां विभाग की कार्यशैली बिल्कुल उल्टी है. यहां पहले सड़क का सरफेस बना दिया गया, उस पर डामर की एक लेयर भी बिछा दी गई और अब पोल उखाड़े जाएंगे. बाद में पोल उखाड़ने से नवनिर्मित सड़क की मजबूती पर विपरीत असर पड़ेगा.

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से इस सड़क का काम किया जा रहा है, लेकिन इसकी गुणवत्ता इतनी घटिया है कि पहली ही बरसात में सड़क जगह-जगह से धंसने लगी है. गुजराती ने इस पूरे मामले को विभाग की लापरवाही और सीधा भ्रष्टाचार करार दिया है. उन्होंने मांग की है कि इस पूरे घटिया निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच की जाए. संबंधित ठेकेदार और गैरजिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी और दंडात्मक कार्रवाई की जाए.



## अज्ञात बदमाशों ने बाइक में लगाई आग

नवभारत न्यूज

**इछावर 9 जुलाई.** ग्राम भाऊखेड़ी में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा गिट्टी मशीन के समीप सड़क किनारे खड़ी एक बाइक में आग लगा दी और फरार हो गए.

प्राप्त जानकारी के अनुसार वारदात भाऊखेड़ी मार्ग पर गिट्टी मशीन के ठीक पास हुई, जहां एक मोटरसाइकिल खड़ी हुई थी. इसी दौरान वहां पहुंचे कुछ अज्ञात उपद्रवियों ने बाइक को आग के हवाले कर दिया. पेट्रोल टैंक में आग पकड़ते ही बाइक धू-धू कर जलने लगी और देखते ही देखते पूरी तरह खाक हो गई. राहगीरों ने जब दूर से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं, तब जाकर मामले की भनक लगी. लेकिन जब तक लोग मौके पर पहुंचते, तब तक आरोपी वहां से भागने में कामयाब हो चुके थे.

सड़क किनारे दिनदहाड़े हुई इस तरह की आगजनी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता देखी जा रही है. घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन मामले को संज्ञान में लेकर जांच में जुट गया है. पुलिस द्वारा वाहन नंबर के आधार पर बाइक के मालिक का पता लगाया जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि बाइक किसकी है. इसके अलावा पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि अज्ञात आरोपियों की पहचान की जा सके.



### स्वास्थ्य केंद्रों में हुई महिलाओं की जांच

**सीहोर.** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिए 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके. अभियान के तहत गुरुवार को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 927 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 387 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गई.

## रामलीला के कलाकारों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जुलाई.** प्राचीन श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में रामलीला का आयोजन किया गया. इस मौके पर प्रयाग राज से आए रामलीला के कलाकारों ने कुंभकरण वध, नारांतक वध, विभिषण द्वारा राम को रावण के पेट में अमृत कुंड का रहस्य बताना, रावण वध, राम-भरत मिलापलीलाओं का मंचन हुआ.

इस मौके पर रामलीला के कलाकारों का स्वागत करने के लिए पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने मंदिर के संत माधवदास महाराज, रामलीला मंडल के महंत बृजेश शर्मा आदि का स्वागत स मान किया गया. कार्यक्रम के दौरान पवन केवट, मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे. लीला मंचन में दर्शाया कि श्रीराम रावण वध के बाद अयोध्या लौटते समय ऋषि भारद्वाज के आश्रम में विश्राम करते हैं. वहां से हनुमान को भरत को अपने आगमन की सूचना देने के लिए भेजा जाता है. हनुमान साधु वेश में भरत को श्रीराम के आने की खबर देते हैं. सूचना मिलते ही सभी अयोध्यावासी भरत के साथ श्रीराम से मिलने चल देते हैं. आश्रम से पहले रथ से उतरकर भरत और शत्रुघ्न दौड़ते हुए अपने बड़े भाई श्रीराम के चरणों में दंडवत प्रणाम करते हैं.

### एसआई परीक्षा में ठाकुर के चयन से हर्ष

**आष्टा.** ग्राम खड़ीहाट के सचिन सिंह ठाकुर ने एसआई परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए गांव का गौरव बढ़ाया है. सुधीर सिंह ठाकुर के पुत्र सचिन सिंह ठाकुर ने एसआई परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर गांव, और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है. इस अवसर पर ग्राम पटेल प्रहलाद सिंह, मनोहर पटेल, कृपाल सिंह अगेरा, सीताराम वर्मा, शिवनारायण तोमर, सीताराम, अमित, जीवन सिंह ठाकुर, नरेश, कमल सिंह मकवाना आदि ने बधाई दी है.

## पर्याप्त खाद, मूंग खरीदी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

- किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन
- पर्याप्त बिजली और पर्याप्त डीजल देने की मांग

नवभारत न्यूज

**बुधनी 9 जुलाई.** ब्लॉक कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार राकेश खजूरिया को ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में क्षेत्र की सभी खाद वितरण समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, खाद वितरण में लागू टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा किसानों को पर्याप्त खाद देने की मांग की गई. इसके अलावा मूंग खरीदी में कोटा प्रणाली समाप्त कर संपूर्ण उपज की सरकारी खरीदी सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई.

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत सोनू एवं किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा सहित छगन दुबे, तारिक पटेल, गोविंद आंकरे, मनजीत सिंह राजपूत, मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, बहोरन दायमा, माखन मीणा, प्रमोद चौहान, अमीर पटेल, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, पुरुषोत्तम मीणा, ओपी मालवीय, कपिल मल्होत्रा, हेमंत वर्मा, सुशील मीणा, भूपेंद्र निमोदा, सुरेश कुमरे आदि मौजूद थे.



### अभय दान अहिंसा का बड़ा रूप : मुनिश्री

**सीहोर.** श्री चंद्र प्रभु दिग बर जैन मंदिर कस्बा में नवीन वेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ महोत्सव के समापन पर दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति सकल जैन समाज के तत्वाधान में मुनिश्री निर्णय सागर महाराज छुल्लक श्री तत्व सागर महाराज के पावन सानिध्य में वेदी प्रतिष्ठा एवं विश्व शांति महायज्ञ विधी विधान से तीर्थंकर भगवान की त्रिमूर्ति विराजमान हुई. कमेटी ने नवीन वेदी निर्माण पुण्यार्जक परिवार रमेश कुमार जैन की धर्म पत्नी मीना जैन एवं परिवार का सम्मान किया. अनुष्ठान में पात्र के रुप मे सभी श्रावक श्राविकाओं का एवं कार्यकर्ता का आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया. जिसमें रमेश कुमार जैन, अतुल जैन, शिल्पा जैन, अनिल कुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, भजन लाल, मालती श्रीपाल, मंजूलता जैन नवीन वेदी पर शीतल नाथ शामिल थे. मुनिश्री निर्णय सागर महाराज ने कहा कि धर्म में दान का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, जिसे चतुर्विधा दान चार प्रकार के दान है. भूखे और जरूरतमंदों को भोजन देना. औषधि दान बीमार और अस्वस्थ प्राणियों या साधुओं को दवाईयां और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना. इसे जैन धर्म के मूल मंत्र अहिंसा का सबसे बड़ा रूप माना गया है.

**समस्या** रेलवे ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक भारी वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से राहगीर होते परेशान

## अतिक्रमण और भारी वाहनों की आवाजाही से हादसों का अंदेशा

नवभारत न्यूज

**बुधनी 9 जुलाई.** रेलवे ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक का मुख्य मार्ग इन दिनों वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी जमा होने से मार्ग संकरा हो गया है, वहीं मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है.

नगर को नर्मदापुरम से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-46 क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है. इस मार्ग पर प्रतिदिन भारी वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है. सड़क किनारे मिट्टी की मोटी परत जम जाने से सड़क की चौड़ाई कम हो गई है, जिससे दो बड़े वाहनों के एक साथ निकलने में परेशानी होती है. नगर के मुख्य मार्ग पर डंपर, ट्रक और अन्य भारी वाहन लंबे समय तक खड़े रहने से आम वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती. खासकर ट्राइडेंट कंपनी के सामने दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी कतारें लगने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है.



नगरवासियों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के बावजूद भारी वाहन नगर के भीतर से गुजर रहे हैं, जिससे बाजार, स्कूल और रिहायशी क्षेत्रों में जोखिम बढ़ गया है. हाल ही में तालपुरा मार्ग पर डंपर की चपेट में आने से एक मासूम बच्चे और महिला की मौत के बाद लोगों में भारी नाराजगी है. उनका कहना है कि नगर में पहले की तरह भारी वाहनों के प्रवेश पर नो एंट्री लागू की जानी चाहिए.

इसी समस्या को लेकर नागरिकों ने हाल ही में प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बुधनी रेलवे ओवरब्रिज से नर्मदा पुल तक सड़क पर जमी मिट्टी हटाने, ट्राइडेंट कंपनी के सामने भारी वाहनों की पार्किंग पर नियंत्रण, ओवरब्रिज के गड्ढों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त सड़कों के सुधार तथा आवारा गौवंश की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है.